दिनांक 24 सितम्बर, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ के सभागार मे अन्तर महाविद्यालय संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित किया गया. जिसमे फरीदाबाद व पलवल जिले के विभिन्न कॉलेजो की टीमों ने भाग लिया. अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता जी के दिशानिर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया. मौलिक अधिकार, सूचना का अधिकार, सांप्रदायिकता, प्रदूषण के दुष्प्रभाव, स्मार्ट सिटी व स्वच्छ भारत अभियान जैसे विषयवस्तु पर विचार प्रस्तुत किए गए. इस प्रतियोगिता में विभन्न महाविद्यालयों के 13 प्रतिभागियों प्रीति, मीनू, साधना, वन्दना, कविता, ललिता, शायज़ा, ज्योति, आदित्य, मंजुल सिंघला, भारत सिंघला आशीष मुंजाल तथा बृजवाला ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सरस्वती महिला महाविद्यलाय, पलवल की कु0 प्रीति, अग्रवाल महाविद्यालय, की छात्रा कु0 साधना द्वितीय स्थान पर तथा तृतीय स्थान पर कु0 वंन्दना अग्रवाल महाविद्यालय की छात्रा रही व सांत्वना पुरुस्कार कु0 मीनू रावत, सरस्वती महिला महाविद्यलाय को दिया गया.

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीमती कमल टंडन (अंग्रेज़ी विभागाध्यक्षा), श्रीमती किरण आनन्द (हिन्दी विभागाध्यक्षा) और श्रीमती रितु (विभागाध्यक्षा राजनीति शास्त्र) रहें. अन्त में अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने सभी महाविद्यालयों के आये हुए टीम प्रभारियों और प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता के सभी विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये तथा उन्होंने विशेष तौर पर वैचारिक प्रदूषण पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण प्रदूषित विचारों से ही आरंभ होता है और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने विचारों में सुधार लाने की आवश्यकता है जिससे वैचारिक प्रदूषण दूर हो सकें तभी भारत स्वच्छ भारत का स्वप्न पूर्ण कर पायेगा. उन्होंने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी. कार्यक्रम के संयोजक राजनीतिक विभाग के प्रवक्ता डॉ0 विनोद राठी ने सभी का धन्यवाद किया. कार्यक्रम में इतिहास विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती विनिता शर्मा व अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित थे.